बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

Truth will Triumph

अध्यक्ष ~~वैद्यनाथ प्रसाद~~ कृष्ण मुरारी शर्मा

(बी. एन. प्रसाद)

महासचिव

विपिन कुमार सिन्हा

(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष

अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)

महासचिव : 2286093 (R)

उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)

कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष

कृष्ण मुरारी शर्मा

अर्जुन प्रसाद

संयुक्त सचिव

सहादत हसन मन्टू

रजनीश कुमार सिंह

कोषाध्यक्ष

महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या 24 दिनांक 22/9/05

सेवा में,

सचिव,
कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग,
बिहार, पटना ।

विषयः तीन वर्षो से ज्यादा अवधि से जिलो में पदस्थापित 42वीं बैंच के कार्यपालक दण्डाधिकारी को निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में विरमित करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में संघ को यह कहना है कि उप निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं बिहार निर्वाचन आयोग, पटना के ज्ञापांक 7 दिनांक 11.9.05 के आलोक में तीन वर्षो से ज्यादा दिनो से पदस्थापित जिलो के कार्यपालक दण्डाधिकारियो को कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के लिए विरमित कर दिया गया है ।

2. इस आदेश के फलस्वरूप करीब 100 बि0प्र0से0 के बेसिक ग्रेड के पदाधिकारी पदस्थापन की प्रतीक्षा में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग/अन्य विभागों में योगदान दिया है ।

3. बेहतर तो यह होता कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग तीन वर्षो से ज्यादा जिलो के (पदस्थापित) बि0प्र0से0 के पदाधिकारियो को अपने स्तर से स्थानान्तरण/पदस्थापन कर देती, परन्तु दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं किया गया, जिसके चलते इतने सारे पदाधिकारी को पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहना पड़ रहा है ।

अतः संघ का यह अनुरोध होगा कि ऐसे सारे पदाधिकारी को शीध्र पदस्थापित करने हेतु कार्रवाई की जाय अन्यथा पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि में इन्हें वेतन भुगतान की व्यवस्था की जाय।

विश्वासभाजन

22/IX/05 22/9/05

(कृष्ण मुरारी शर्मा)
अध्यक्ष
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

-20

दिनांक 24-8-05

सेवा में,

मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना ।
सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना ।

विषयः बिहार प्रशासनिक सेवा के संवर्गीय पद पर अन्य संवर्ग के पदाधिकारियों का पदस्थापन नहीं करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में संघ को यह जानकारी मिली है कि आपदा प्रबंधन विभाग में बिहार प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव के संवर्गीय पद पर भारतीय वन सेवा के पदाधिकारियों को पदस्थापित करने की कार्रवाई चल रही है ।

2. पूर्व में भी संघ द्वारा बिहार प्रशासनिक सेवा के संवर्गीय पद पर अन्य संवर्ग के पदाधिकारियों को पदस्थापित करने के बिन्दु पर आपत्ति की गई थी, परन्तु उसका भी अभीतक निराकरण नहीं हो पाया ।

3. विदित हो कि बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की प्रोन्नति के पद पूर्व से ही बहुत कम है जिसके चलते पदाधिकारियों को स्टैगनेशन का सामना करना पड़ रहा है ।

अतः संघ यह मॉग करती है कि आपदा प्रबंधन विभाग में बिहार प्रशासनिक सेवा के संवर्गीय पद पर किसी अन्य सेवा के पदाधिकारी का पदस्थापन तुरत रोक दिया जाय ।

विश्वासभाजन

24/8/05

(कृष्ण मुरारी शर्मा)
कार्यकारी अध्यक्ष
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

24/8/05

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

पत्रांकः--....................../

बिहार सरकार

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग

प्रेषक,

रविकान्त,

सरकार के सचिव ।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,

गृह विभाग ।

पटना—15, अगस्त, 2005

विषय :— श्री अशोक कुमार मल्लिक, बि.प्र.से., निदेशक, निगरानी, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद को श्री गब्बु सिंह, ठेकेदार (शिवपुरी नाला के पास) द्वारा कार्यालय कक्ष में घुस कर गाली—गलॉज करने एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के पत्रांक 17 दिनांक 26.07.2005 का निदेश करें, जो आपको भी सम्बोधित है । उक्त पत्र में वर्णित तथ्यों के आलोक में श्री अशोक कुमार मल्लिक, बि.प्र.से., निदेशक, निगरानी, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद को आवश्यक सुरक्षा प्रदान कर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने का निदेश देने की कृपा करें ।

विश्वासभाजन,

ह0/—

(रविकान्त)

सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक :—14/विविध-412/05 7131 पटना—15, दिनांक—3 अगस्त, 2005

श्री विपिन कुमार सिन्हा, महासचिव, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

3/8/05

(मोहन कुमार सरकार)

सरकार के उप सचिव ।